Chapter- 4

‘उ‘ और ‘ऊ‘ की मात्रा

STUDY NOTES

- हम छोटा ‘उ‘ तथा बड़ा ‘ऊ‘ की मात्रा के प्रयोग, उसके उच्चारण विधि, लेखन तथा पठन कौशल का ज्ञान प्राप्त करेंगी।

- **छोटा ‘उ‘ (ु) मात्रा की पहचान तथा उच्चारण का ज्ञान -**

  क) इसका मात्रा चिन्ह है (ु)

  ख) छोटा ‘उ‘ की मात्रा सभी व्यंजनो के नीचे लगाई जाती है।

  ग) मात्रा लगाते समय विशेष ध्यान यह रखना है कि मात्रा वर्ण के खड़ी पाई (कु) के पास लगे।

  घ) ‘र‘ व्यंजन में यह मात्रा दाईं तरफ लगाई जाती है (रु)

  ङ) इसका उच्चारण करते समय व्यंजन के साथ प्रयोग में आने पर व्यंजन का उच्चारण धीमा और छोटा होता है।

  च) अभ्यास के लिये सभी व्यंजन के साथ लगाकर उच्चारण करें (कु, खु, गु, घु ….. हु)

- उ (ु) **मात्रा संबधित शब्द -**

  ग + ु + ला + ब - गुलाब

  ब + ु + ल + ब + ु + ल - बुलबुल

खुल	पुड़िया	बुखार	चुनमुन
कुल	पुजारी	घुटना	गुमसुम
पुल	सुपारी	मुरगी	रुनझुन

गुलाब

बुलबुल

- **बड़ा ‘ऊ‘ (ू) मात्रा की पहचान तथा उच्चारण का ज्ञान -**

क) इसका ‘ऊ‘ की मात्रा चिन्ह है (ू)

ख) इसका मात्रा भी वर्णों के निचे लगाई जाती है।

ग) मात्रा लगाते समय यह ध्यान रखना है कि व्यंजनों के खड़ीपाई के निचे मात्रा लगाएँ (कू गू)

घ) ‘र’ व्यंजन में यह मात्रा दाईं तरफ लगाई जाती है **(रू)**।

ङ) इसके उच्चारण करते समय व्यंजन के साथ प्रयोग में उच्चारण लंबा तथा तेज़ होता है।

च) अभ्यास के लिए सभी व्यंजनों के साथ लगाकर उच्चारण करें (कू, खू, गू ...... हू)

- **बड़ा ‘ऊ‘ मात्रा संबंधित शब्द :**

झ + ू + ला - झूला

त + र + ब + ू + ज - तरबूज

मूर्गा

तरबूज

धूप	आलू	खरबूजा
रूप	ज़रूर	मज़दूर
भूख	पूरब	अमरूद

- **दोनों मात्राओं के अभ्यास के लिए दोनों मात्रा संबंधित शब्दों का एक साथ उच्चारण अभ्यास करें।**

अभ्यास कार्य

सृजनात्मक कार्य

१. चित्र देखकर वाक्य पूरे कीजिए।

क) __________ उड़ गई।

ख) कुसुम __________ पर गई।

ग) __________ निकल आया।

घ) राजू __________ झूल रहा था।

ङ) रमन __________ उठा।

उत्तर - (क) बुलबुल (ख) पुल (ग) सूरज (घ) झूला (ङ) सुराही

२. चित्र देखकर सही नाम पर गोला लगाओ।

क) चूडी चूड़ी चूरी

ख)  अमरूद खजूर तरबूज़

ग) गुलाब गुलाल बगुला

उत्तर - (क) चूड़ी (ख) तरबूज़ (ग) बगुला

३. दिए गए शब्दों में सही जगह पर और (ु) / (ू) की मात्रा लगाओ -

क) पजारी - ______________

ख) जता - ______________

ग) आल - ______________

घ) गड़ - ______________

ङ) काज - ______________

च) गलाल - ______________

उत्तर - क) पुजारी, (ख) जूता (ग) आलू (घ) गुड़ (ङ) काजू (च) गुलाल

४. सार्थक शब्द लिखें।

लमारू - ______________ लरूर - ______________

यापरु - ______________ चिरु - ______________

रुगु - ______________ णाकरु - ______________

उत्तर - रूमाल, रुपया, गुरु, रूलर, रुचि, करुणा

अतिरिक्त प्रश्न उत्तर-

१. प्रश्नों के उत्तर दें।

क) चुहिया का क्या नाम था ?

उ - चुहिया का नाम चुनमुन था।

ख) चुहिया क्या कुतर गई ?

उ - चुहिया मुनिया की गुड़िया कुतर गई।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

ग) कुसुम ने क्या खाया ?

उ - कुसुम ने जामुन खाया।

घ) बूढ़ा माली क्या लाया ?

उ - बूढ़ा माली तरबूज लाया।

ङ) जूता कौन कुतर गया ?

उ - जूता चूहा कुतर गया।

च) किसका रूमाल उड़ गया ?

उ - नूतन का रूमाल उड़ गया।

२. लिंग बदल कर लिखें।

क) बूढ़ा - ____________

ख) चूहा - ____________

ग) मुरगा - ____________

उत्तर- (क) बुढ़िया (ख) चुहिया (ग) मुरगी

३. संदर्भ से-

वाक्य- ‘पूजा खरबूजा लाई। बूढ़ा माली तरबूज़ लाया।’

क) यह पंक्ति किस पाठ से लिया गया है ?

उ - यह पंक्ति पाठ-४ ‘उ‘ और ‘ऊ‘ की मात्रा से लिया गया है।

ख) किसका रूमाल उड़ गया ?

उ - नूतन का रूमाल उड़ गया ?

ग) कौन नाचा ?

उ - भालू नाचा।

♦♦♦